समाचार

# 12 जून को वार्ड क्र. 07, 16, 31, 32, 42, 53, 59, 66 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

कोरबा 11 जून 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 12 जून शनिवार को वार्ड क्र. 07, 16, 31, 32, 42, 53, 59, 66 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 1195 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 52999 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 12 जून शनिवार को वार्ड क्र. 07 कुष्ठ आश्रम के पास स्कूल भवन, वार्ड क्र. 16 जोगियाडेरा मांझी मोहल्ला सामुदायिक मंच, वार्ड क्र. 31 खरमोरा आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 32 रिसदी प्राथमिक शाला, वार्ड क्र. 42 बेलगरी नाला सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 53 तुलसीनगर प्राथमिक शाला के पीछे आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 59 विकासनगर बाजार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 66 इंदिरा नगर पानी टंकी सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो सामान के साथ पहुंचेगी तथा विभिन्न बीमारियों की जांच व निःशुल्क इलाज करेगी।